किरपा मिलेगी श्री राम जी की भक्ति करो

किरपा मिलेगी श्री राम जी की भक्ति करो,
दया मिलेगी हनुमान जी की राम जपो राम जपो,

दुष्ट दलन हनुमान है हनुमान मेरे,
पतित पावन राम है श्री राम मेरे,
मूरत रब सिया राम की मन ध्यान धरो ,

सकल अमंगल हर लेंगे हनुमान मेरे,
तन मन पावन कर देंगे श्री राम मेरे,
शीश जुका कर चरणों में परनाम करो

शंकर स्वयं केशरी नंदन जय हनुमान,
विष्णु रूप भगवान है मेरे श्री राम,
विष्णु महेश की लीला का गुणगान करो,

राम से बड़े है भक्त राम के जय हनुमान,
जो नित राम की महिमा गावे जय सिया राम,
अर्पित प्रभु पूजन में जीवन प्राण करो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14800/title/kirpa-milegi-shri-ram-ki-ki-bhakti-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |